(F)

वार्षिक परीक्षा-2021-22

S-500

विषय : हिन्दी

समय : 3 घण्टे] कक्षा : XI [पूर्णांक : 90

नोट : प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिए गए हैं। खण्ड 'क' तथा खण्ड 'ख' दोनों के सभी प्रश्न निर्देशानुसार कीजिए।

खण्ड 'क'

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए :-

(क) 'सरस्वती' के प्रथम सम्पादक हैं- 1

(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) श्यामसुन्दर दास

(स) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी (द) हरदेव बाहरी

(ख) 'रानी केतकी की कहानी के रचनाकार हैं :- 1

(अ) लल्लूलाल (ब) सदल मिश्र

(स) इंशाअल्ला खाँ (द) मुंशी सदासुखलाल

(ग) 'आवारा मसीहा' के रचनाकार कौन हैं :- 1

(अ) रामवृक्ष बेनीपुरी (ब) रांगेय राघव

(स) विष्णु प्रभाकर (द) राहुल सांकृत्यायन

(घ) 'मेरी असफलताएँ' किस विधा की रचना है :- 1

(अ) जीवनी साहित्य (ब) कहानी

(स) डायरी (द) आत्मकथा

(ङ) 'गबन' के लेखक कौन हैं:- 1

(अ) भीष्म साहनी (ब) भगवती चरण वर्मा

(स) प्रेमचन्द्र (द) अज्ञेय

(च) 'प्रेमसागर' के रचनाकार है :- 1

(अ) सदलमिश्र (ब) सूरदास

(स) राम प्रसाद निरंजनी (द) लल्लू लाल

(छ) 'चिन्तामणि' के रचनाकार हैं:- 1

(अ) श्यामसुन्दर दास (ब) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(स) प्रेमचन्द (द) गुलाब राय

P.T.O.

https://www.upboardonline.com

(ज) महावीर प्रसाद द्विवेदी का जीवन काल है- 1

(अ) सन् 1864-1938 (ब) सन् 1862-1935

(स) सन् 1875-1947 (द) सन् 1854-1925

(झ) निम्नांकित में रामभक्ति शाखा के कौन नहीं हैं- 1

(अ) तुलसीदास (ब) चतुर्भुजदास

(स) अग्रदास (द) नाभादास

(ञ) तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना की है- 1

(अ) ब्रज भाषा में (ब) भोजपुरी में

(स) अवधी में (द) खड़ी बोली में

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

<u>संसार में यदि अनादि सनातन धर्म है तो वह घुमक्कड़ धर्म है। लेकिन वह संकुचित सम्प्रदाय नहीं है। वह आकाश की तरह महान है</u>, समुद्र की तरह विशाल है। जिन धर्मों ने अधिक यश और महिमा प्राप्त की है, केवल घुमक्कड़ धर्म ही के कारण। प्रभु ईसा घुमक्कड़ थे। उनके अनुयायी भी ऐसे घुमक्कड़ थे जिन्होंने ईसा के संदेश को दुनिया के कोने-कोने में पहुँचाया।

(क) गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) घुमक्कड़ धर्म को किस धर्म की संज्ञा दी गयी है?

(घ) कुछ धर्मों ने यश और महिमा किस कारण से प्राप्त की?

(ङ) प्रभु ईसा मसीह एवं उनके अनुयायियों के सन्दर्भ में लेखक के क्या विचार हैं?

3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए:10

मान राखिबो, माँगिबो, पियसोंनित नव नेहु।
तुलसी तीनिउ तब फबै, जौ चातक मत लेहु।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) इस दोहे में किसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है।

https://www.upboardonline.com

(घ) यहाँ चातक के सम्बन्ध में क्या कहा गया है।

(ङ) कौन सी बातें कब शोभा देती हैं।

4. निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए :- 6

(क) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी (ख) राहुल सांकृत्यायन

(ग) गोस्वामी तुलसीदास (घ) सूरदास

5. आकाश दीप अथवा समय कहानी का सारांश लिखिए। 6

6. गरुड़ध्वज नाटक के आधार पर 'कालिदास' अथवा पुरुष पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 6

खण्ड 'ख'

7. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए :-8

अयं पर्वतराजः भारतवर्षस्य उत्तरसीम्नि स्थितः तत् प्रहरीव शत्रुभ्यः सततं रक्षति। हिमालयादेव समुदगम्य गङ्गा-सिन्धु-ब्रह्मपुत्राख्याः महानद्यः, शतद्रि-विपाशा-यमुना-सरयू-गण्डकी-नारायणीकौशिकी प्रभृतयः नद्यश्च समस्तामपि।

8. निम्नलिखित श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 7

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।

9. निम्नलिखित में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए- 1+1=2

(क) अपना उल्लू सीधा करना (ख) अपने मुँह मियाँ मिट्ठु बनना

10. सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 1+1=2

(क) 'पवित्रम्' का सन्धि-विच्छेद होगा:

(अ) पव + इत्रम (ब) पउ + इत्रम

(स) पो + इत्रम (द) प + वित्रम्

(ख) 'परमार्थः' का सन्धि-विच्छेद होगा-

(अ) पर + मार्थ (ब) परम+अर्थः

(स) परमा : अर्थः (द) परा + मार्थः।

11. निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए :-1+1=2

(क) गृह-ग्रह

(अ) घर और नक्षत्र (ब) घर और गृहस्थी

(स) गिरोह और घर (द) गाँव और घर

(ख) पास-पाश

(अ) उत्तीर्ण और निकट (ब) निकट और जाल

(स) निकट और ऊँचा (द) समीप और दूर

12. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए :- 2

(अ) जिसे कुछ भी अनुभव न हो

(ब) जिसके पास कोई सम्पत्ति न हो

(स) सत्य आचरण करने वाला।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए।2

(अ) अम्बर (ब) कमल (स) मित्र

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध कीजिए-

(अ) पुत्री पराया धन होता है। (ब) सूर्य पूरब में निकलता था।

(स) हम आँखों द्वारा देखते हैं। (द) मेरा प्राण संकट में है।

13. (क) करूण रस अथवा शान्त रस की परिभाषा व उदाहरण दीजिए। 3

(ख) दोहा अथवा रोला छन्द को स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) अनुप्रास अथवा उपमा अलंकार की परिभाषा लिखिए तथा उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। 3

14. अपने नगर के नगरपालिकाध्यक्ष को पत्र लिखिए जिसमें गन्दगी की समस्या की शिकायत की गई हो। 4

15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए।6

(क) भारतीय कृषि एवं विज्ञान (ख) शिक्षा में खेलकूद का स्थान

(ग) पर्यावरण प्रदूषण (घ) जीवन में खेलकूद का महत्व

(ङ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन